-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 12.01.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- ❖ **थाना बबेरु पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोर गिरोह का किया गया पर्दाफाश । गिरोह के 03 अन्तर्जनपदीय चोरों को किया गया गिरफ्तार ।**
- ❖ **अभियुक्तों के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 09 मोटरसाइकिल, 05 कटी हुई मोटरसाइकिलों के चेचिस सहित भारी मात्रा में मोटरसाइकिलों के कल-पुर्जे व मोटरसाइकिल काटने के औजार बरामद ।**
- ❖ **अभियुक्तों द्वारा कस्बा बबेरु, बिसण्डा व आस-पास के भीड़भीड़ वाले स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को दिया जाता था अंजाम । मोटरसाइकिलों के नम्बर प्लेट बदलकर/कल-पुर्जे अलग-अलग कर, करते थे उसकी बिक्री ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व क्षेत्राधिकारी बबेरु श्री सौरभ सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना बबेरु पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि दिनांक 11/12.01.2025 की रात्रि को गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना बबेरु पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर औगासी रोड बिसराखेर के पास 02 अभियुक्तों को चोरी की 02 मोटरसाइकिलों के साथ पकड़ लिया गया तथा उनसे मोटरसाइकिल के वैध कागजात मांगे गये तो वे वैध कागजात नहीं दिखा सके । कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों अभियुक्तों द्वारा उक्त मोटरसाइकिलों को कमासिन रोड बस स्टैण्ड तथा नवीन गल्ला मण्डी कस्बा बबेरु से चोरी किया गया था, जिसके संबंध में थाना बबेरु पर अभियोग पंजीकृत किया गया था । पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे दोनों कस्बा बबेरु, बिसण्डा सहित आस-पास के भीड़-भाड़ वाले स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करते है तथा उन्हे सस्ते दामों पर साहू मोहल्ला कस्बा बबेरु के ही एक कबाड़ी रामकरन साहू के यहां दुकान पर बेच देते है । तत्पश्चात अभियुक्तों की निशादेही पर पुलिस द्वारा बताये गये पते पर छापेमारी कर तीसरे अभियुक्त को साहू मोहल्ला कस्बा बबेरु से गिरफ्तार कर लिया गया तथा मौके से 07 अन्य मोटरसाइकिलों सहित 05 कटी हुई मोटरसाइकिलों के चेचिस व भारी मात्रा में मोटरसाइकिल के कल-पुर्जे बरामद की गई जो अभियुक्तों द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी की गई थी तथा जिनके संबंध में अभियोग भी पंजीकृत हैं । साथ ही भारी मात्रा में मोटरसाइकिल खोलने व काटने के औजार भी बरामद की गई । पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस टीम की सराहना करते हुए 25 हजार रुपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ।

बरामदगी-

- ➢ 09 अदद् मोटरसाइकिलें (विभिन्न स्थानों से चोरी की गई)
- ➢ 05 अदद् कटी हुई मोटरसाइकिलों के चेचिस
- ➢ भारी मात्रा में मोटरसाइकिल के शॉकर राड, टंकी, मोटरसाइकिल के सीट,रीम, टायर, साइलेंसर, हेडलाइट, ब्रेक ड्रम, हैण्डिल सहित मोटरसाइकिल खोलने व काटने के विभिन्न औजार

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अभिषेक साहू पुत्र प्रदीप साहू निवासी गुजैनी थाना मरका जनपद बांदा।
2. ज्ञानेन्द्र साहू उर्फ दद्दु पुत्र रामकन्धई साहू निवासी लोहदा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकुट।
3. रामकरन साहू पुत्र देशराज साहू उर्फ शिवगोपाल निवासी तिन्दवारी रोड साहू मोहल्ला थाना बबेरु जनपद बांदा। **(कबाड़ी)**

पंजीकृत अभियोग -

1. मु0अ0स0 230/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना बबेरु जनपद बांदा।
2. मु0अ0स0 251/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना बबेरु जनपद बांदा।
3. मु0अ0स0 10/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना बबेरु जनपद बांदा।
4. मु0अ0स0 13/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना बबेरु जनपद बांदा।
5. मु0अ0स0 14/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना बबेरु जनपद बांदा।
6. मु0अ0स0 15/25 धारा 317(2)/317(4)/317(5)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस थाना बबेरु जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. प्र0नि0 थाना बबेरु श्री बलराम सिंह
2. श्री कौशल सिंह चौकी प्रभारी कस्बा बबेरु
3. उ0नि0 श्री देवीदीन गौतम
4. उ0नि0 श्री कल्बे अब्बास खां
5. उ0नि0 श्री योगेन्द्र सिंह यादव
6. उ0नि0 श्री आशीष यादव
7. उ0नि0 श्री सैफ अहमद अंसारी
8. कां0 राहुल साहू
9. कां0 सौरभ यादव
10. कां0 अजय कुमार
11. कां0 सूर्यांश
12. म0कां0 आराधना वर्मा